# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 06.03.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, न्यायाधीश,परफेक्ट मिशन, भारत एकता टाइम्स,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 06.03.2025

### नोटिस भेजकर जमा कराएं बकाया : वीडीए सचिव

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने बुधवार को वीडीए में संपत्ति अनुभाग के कार्यों की समीक्षा की। नामांतरण, हस्तांतरण, किराए की संपत्ति के बारे में हिदायत दी। कहा कि बकाएदारों से राशि वसूलने के लिए नोटिस भेजकर प्राधिकरण के कोष में जमा कराई जाए। संपत्ति प्रभारी को निर्देश दिया गया कि वे योजना बनाकर समीक्षा करें। जिन योजनाओं में 10 से अधिक बकाएदार हैं, वहां सूची बनाकर नोटिस भेजें। नामांतरण प्रक्रिया को तीन दिन में निस्तारित किया जाए। उधर, वीडीए अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने बुधवार को वीडीए में लंबित शमन मानचित्रों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वालों के खिलाफ प्रवर्तन की कार्रवाई करें। सील प्रकरणों की जांच और बेसमेंट को खाली करवा कर पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 06.03.2025

### नर्सरी से सरकारी दर पर वीडीए देगा पौधे

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्थल पार्क की नर्सरी से सरकारी दर पर पौधे दिए जाएंगे। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बुधवार को बैठक कर बताया कि पड़ाव के पार्क में पौधे तैयार किए जा रहे हैं। उद्यान विशेषज्ञ गौरव कुमार ने बताया कि नर्सरी के लिए लगभग 25 बेड तैयार किए गए हैं, जिनमें पॉलिथीन बैग में मिट्टी भरकर पौधों की कटिंग लगा दी गई है। उपाध्यक्ष ने इसके लिए रेट बोर्ड भी लगाने का निर्देश दिया। कहा कि किसी इवेंट शूट के लिए उद्यान विशेषज्ञ रामधनी प्रसाद से संपर्क कर सकते हैं। बैठक में सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा और अन्य उद्यान विशेषज्ञ भी उपस्थित थे। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 06.03.2025

### इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए वीडीए में भर्ती

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से इंटर्नशिप प्रोग्राम के जरिये शहरी विकास में कॅरिअर बनाने का सुनहरा मौका दिया जा रहा है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया, सतत और योजनाबद्ध विकास में योगदान देने के लिए तीन प्लानिंग इंटर्न की भर्ती की जा रही है। जानकारी वीडीए की वेबसाइट पर दी गई है। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 06.03.2025

### स्थानांतरण के बाद शासन करेगा जमीन का अधिग्रहण

वाराणसी। एकीकृत मंडलीय कार्यालय के निर्माण के लिए बुधवार को वीडीए में 13 विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई। अध्यक्षता कर रहे वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि मंडलीय कार्यालय में स्थानांतरित होने वाले 13 विभाग की जमीन स्थानांतरण के बाद शासन की ओर से अधिग्रहित कर ली जाएगी।

बैठक में अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने कहा कि कार्यालय के निर्माण का कार्य शासन की प्राथमिकता है। इसके तहत मंडल स्तर के 59 कार्यालय एक ही बिल्डिंग में स्थानांतरित होंगे। जिन विभागों के कार्यालय अपनी जमीन पर हैं, उनकी जमीनों को बेचकर धनराशि शासन को भेजी जाएगी। वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि सभी 13 विभाग के अधिकारी अपने उच्च अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराकर सहमति लें।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों को अधिग्रहित की जाने वाली जमीन का क्षेत्रफल, आराज़ी नंबर, नजरी नक्शे का विवरण दिया गया। साथ ही पीपीटी से नए एकीकृत मंडलीय कार्यालय के बारे में जानकारी देकर मॉडल के जरिये मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। लोगों की समस्याओं का समाधान भी हुआ। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 06.03.2025

### शहरी विकास में इंटर्नशिप कराएगा वीडीए

जागरण संवाददाता वाराणसी: विकास प्राधिकरण शहर के सतत और योजनाबद्ध विकास में योगदान देने के लिए तीन प्लानिंग इंटर्न की भर्ती कर रहा है। यह इंटर्नशिप शहरी योजना, बुनियादी ढांचे के विकास, नीति कार्यान्वयन, जीआइएस मैपिंग और समुदाय सहभागिता में अनुभव प्राप्त करने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा। वीडीए वीसी पुलकित गर्ग के अनुसार इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को शहरी विकास के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। इंटर्न को मास्टर प्लानिंग, जोनिंग, शहरी कानून, विकास नीतियों, और स्थानीय शासन से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम करने का मौका मिलेगा। यह इंटर्नशिप दो माह का है। इसमें मास्टर प्लानिंग, जोनिंग, शहरी कानून, विकास नीतियों और स्थानीय शासन का अच्छा ज्ञान रखने वालों को मौका मिलेगा। जीआइएस, आटोकैड आदि में प्रवीणता वाले आवेदन कर सकते हैं।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## हिन्दुस्तान–दि0 06.03.2025

### एकीकृत मंडलीय कार्यालय में होंगे 59 विभाग

वाराणसी। एकीकृत मंडलीय कार्यालय में 59 विभाग शिफ्ट होंगे। मंडलीय कार्यालय के संबंध में बुधवार को वीडीए मुख्यालय में 13 विभागों के अधिकारियों के साथ उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बैठक की। वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि जिन विभागों के कार्यालय एकीकृत मंडलीय कार्यालय में शिफ्ट होंगे उनकी जमीनें अधिगृहित कर ली जाएंगी।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 06.03.2025

### पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्थल पार्क में नर्सरी, अब सरकारी दर पर पौधे खरीदने का अवसर

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मृति स्थल (पड़ाव) पार्क में प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही नर्सरी के अद्यतन स्थिति की समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में उद्यान विशेषज्ञ गौरव कुमार ने उपाध्यक्ष को नर्सरी की वर्तमान प्रगति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नर्सरी के लिए लगभग 25 बेड तैयार किए गए हैं, जिनमें पॉलिथीन बैग भरकर पौधों की कटिंग लगा दी गई है। उपाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि रविदास पार्क और दीन दयाल पार्क में नर्सरी स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि पार्क में भ्रमण करने आने वाले लोग यदि कोई पौधा पसंद करें, तो वे उसे सरकारी दर पर खरीद सकें। इसके लिए रेट बोर्ड भी लगाए जाने को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही बताया गया कि यदि किसी को इवेंट, रील शूट या प्री-वेडिंग शूट की आवश्यकता हो, तो वे उद्यान विशेषज्ञ रामधनी प्रसाद (मो. 07985301129) से संपर्क कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 06.03.2025

### वीडीए का इंटर्नशिप प्रोग्रामः शहरी विकास में करियर बनाने का सुनहरा मौका

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार शहर के सतत और योजनाबद्ध विकास में योगदान देने के लिए वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा तीन प्लानिंग इंटर्न की भर्ती की जा रही है। यह इंटर्नशिप शहरी योजना, बुनियादी ढांचे के विकास, नीति कार्यान्वयन, मैपिंग और समुदाय सहभागिता में अनुभव प्राप्त करने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करेगी। इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को शहरी विकास के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। इंटर्न को मास्टर प्लानिंग, जोनिंग, शहरी कानून, विकास नीतियों, और स्थानीय शासन से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम करने का मौका मिलेगा।

### वीडीए सचिव ने रोप-वे परियोजना के तहत यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य का निरीक्षण किया

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा गोदौलिया चौराहे पर रोप-वे परियोजना से संबंधित यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल निगम के अधिशासी अभियंता के साथ मिलकर विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की और परियोजना की प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए। सचिव द्वारा विशेष रूप से गोदौलिया चौराहे पर जल निगम और विद्युत विभाग के बीच उत्पन्न होने वाली समस्याओं को सुलझाने पर जोर दिया गया। दोनों विभागों के बीच सामंजस्य स्थापित कर, तकनीकी मुद्दों को शीघ्र समाधान किया गया, जिससे यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य में कोई रुकावट नहीं आए। इसके बाद, यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य को तुरंत शुरू कर दिया गया, जिससे रोप-वे परियोजना के समयबद्ध निष्पादन में सहायता मिलेगी।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 06.03.2025

# वाराणसी विकास प्राधिकरण ने एकीकृत मंडलीय कार्यालय निर्माण के लिए 13 विभागों के अधिकारियों के साथ की बैठक

वाराणसी । विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित की अध्यक्षता में एकीकृत मंडलीय कार्यालय के संबंध में विकास प्राधिकरण के सभागार में बैठक आहूत की गई, जिसमें ऐसे 13 विभाग जो मंडलीय कार्यालय में स्थानांतरित हो रहे हैं तथा उनकी जमीन स्थानांतरण पश्चात शासन द्वारा अधिग्रहित कर ली जाएगी के अधिकारियों को बुलाया गया था। बैठक में अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा, अवाप्ति अनुभाग के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक तथा सभी 13 विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। अपर सचिव महोदय द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों को अवगत कराया गया कि एकीकृत मंडलीय कार्यालय के



निर्माण का कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है, जिसमें मंडल स्तर के 59 कार्यालयों को एक ही बिल्डिंग में स्थानांतरित किया जाएगा। जिन विभागों का अपनी जमीन पर कार्यालय अवस्थित है, उन जमीनों का मौद्रिकरण करके उसकी धनराशि शासन में निहित की जाएगी । उपाध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि उपस्थित सभी 13 विभाग के अधिकारी अपने उच्च अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराते हुए उनसे सहमति प्राप्त कर ले। उपस्थित अधिकारियों को अधिग्रहित की जाने वाली जमीन का क्षेत्रफल, उसका आराजी नंबर, नजरी नक्शा के विवरण से अवगत कराया गया। पीपीटी के माध्यम से नए एकीकृत मंडलिय कार्यालय कार्यालय के बारे में सभी को अवगत कराया गया।

## न्यायाधीश–दि0 06.03.2025

# सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में संपत्ति अनुभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक

वाराणसी। विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में संपत्ति अनुभाग के कार्यों (नामांतरण, हस्तांतरण, किराये की संपत्ति) के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव महोदय ने प्राधिकरण के विभिन्न संपत्ति मामलों की स्थिति पर गहन चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।बकायदारों से राशि वसूलीःङ सभी परियोजनाओं के बकायदारों को नोटिस भेजकर प्राधिकरण के कोष में बकाया राशि जमा कराई जाए।संपत्ति प्रभरी को निर्देशःङ संपत्ति प्रभरी को यह निर्देश दिया गया कि वे योजना बनाकर समीक्षा करें। जिन योजनाओं में 10 से अधिक बकायदार हैं, वहां पहले बड़े बकायदारों की सूची बनाकर नोटिस भेजें और राशि जमा कराएं। वहीं, जिन योजनाओं में 10 से कम बकायदार हैं, उन्हें शीघ्र नोटिस भेजी जाए।नामांतरण प्रक्रियाःङ नामांतरण की प्रक्रिया को अधिकतम तीन दिवस के भीतर निस्तारित किया जाए।सचिव महोदय ने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिया कि वे संपत्ति संबंधित सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से और बिना किसी विलंब के संपन्न करें, ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द लाभ मिल सके।

# उपाध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक

वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग द्वारा पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मृति स्थल (पड़ाव) पार्क में प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही नर्सरी के अद्यतन स्थिति की समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में उद्यान विशेषज्ञ गौरव कुमार ने उपाध्यक्ष महोदय को नर्सरी की वर्तमान प्रगति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नर्सरी के लिए लगभग 25 बेड तैयार किए गए हैं, जिनमें पॉलिथीन बैग भरकर पौधों की कटिंग लगा दी गई है।उपाध्यक्ष महोदय द्वारा बताया गया कि रविदास पार्क और दीन दयाल पार्क में नर्सरी स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि पार्क में भ्रमण करने आने वाले लोग यदि कोई पौधा पसंद करें, तो वे उसे सरकारी दर पर खरीद सकें। इसके लिए रेट बोर्ड भी लगाए जाने को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही बताया गया कि यदि किसी को इवेंट, रील शूट या प्री-वेडिंग शूट की आवश्यकता हो, तो वे उद्यान विशेषज्ञ रामधनी प्रसाद (मो. 07985301129) से संपर्क कर सकते हैं।

## परफेक्ट मिशन–दि0 06.03.2025

# वीडीए अपर सचिव ने जोन 01 व जोन 02 की समीक्षा कर दिया निर्देश

❑ बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने को भी जोनल अधिकारी को किया निर्देशित



**परफेक्ट मिशन**

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष के निर्देशों के क्रम में बुधवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के सभागार कक्ष में अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत दिनांक 23.फरवरी से 28 फरवरी तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 11,04,096.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-9,78,24,669.00 एवं जोन-2 के वार्ड सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा एवं विन्यास में विगत दिनांक 23 फरवरी से 28 फरवरी तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 43,00,491.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-6,63,23,831.00 जमा कराया गया है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने को भी जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया। सील प्रकरणों की जॉच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है।

जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतमं 01 सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया है। साथ ही बैठक में अपर सचिव द्वारा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि सौपें गये कार्यो के प्रति कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण से देखा जायेगा। उक्त समीक्षा बैठक में जोन-1 के जोनल अधिकारी, शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता, संजय तिवारी, अवर अभियन्ता, रोहित कुमार, भवन लिपिक, किरन सिंह एवं जोन-2 के जोनल अधिकारी, प्रकाश कुमार, अवर अभियन्ता, विनोद कुमार, अवर अभियन्ता, वर्तिका दुबे सहित भवन लिपिक रक्षित रघुवंशी एवं समस्त फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।

## भारत एकता टाइम्स–दि0 06.03.2025

# एकीकृत मंडलीय कार्यालय निर्माण को लेकर बैठक

**समीक्षा**

✡ वीडीए वीसी ने 13 विभागों के अधिकारियों के साथ की बैठक



**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**

विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित की अध्यक्षता में एकीकृत मंडलीय कार्यालय के संबंध में विकास प्राधिकरण के सभागार में बैठक आहूत की गई। जिसमें ऐसे 13 विभाग जो मंडलीय कार्यालय में स्थानांतरित हो रहे हैं तथा उनकी जमीन स्थानांतरण पश्चात शासन द्वारा अधिग्रहित कर ली जाएगी के अधिकारियों को बुलाया गया था। बैठक में अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा, अवाप्ति अनुभाग के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक तथा सभी 13 विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। अपर सचिव द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों को अवगत कराया गया कि एकीकृत मंडलीय कार्यालय के निर्माण का कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है, जिसमें मंडल स्तर के 59 कार्यालयों को एक ही बिल्डिंग में स्थानांतरित किया जाएगा। जिन विभागों का अपनी जमीन पर कार्यालय अवस्थित है, उन जमीनों का मौद्रिकरण करके उसकी धनराशि शासन में निहित की जाएगी। उपाध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि उपस्थित सभी 13 विभाग के अधिकारी अपने उच्च अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराते हुए उनसे सहमति प्राप्त कर ले। उपस्थित अधिकारियों को अधिग्रहित की जाने वाली जमीन का क्षेत्रफल, उसका आराजी नंबर, नजरी नक्शा के विवरण से अवगत कराया गया।